कार्यक्रम | बरही स्थित बड़ा तालाब से श्री विजयनाथ धाम मंदिर के मेला प्रांगण में बने कृषि महोत्सव का आयोजन

# मुख्यमंत्री का 1 किलोमीटर लंबी आभार रैली में आत्मीय स्वागत








**नवभारत, कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का शनिवार को कटनी जिले के बरही स्थित बड़ा तालाब से श्री विजयनाथ धाम मंदिर के मेला प्रांगण में बने कृषि महोत्सव आयोजन के भव्य सभास्थल तक पहुंचने के करीब एक किलोमीटर लंबे बरही के मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए भव्य और सुसज्जित रथ में निकली आभार रैली के दौरान बरहीवासियों ने पुष्प वर्षा कर अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ रथ में सांसद खजुराहो विष्णु दत्त शर्मा, विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी मौजूद रहे।अपने लाड़ले मुख्यमंत्री के स्वागत में पलक पांवड़े बिछाए बैठे सभी लोगों का मुख्यमंत्री डां यादव ने भी अभिवादन किया। यहां किसानों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों सामाजिक संगठनों और प्रबुद्धजनों ने दिल खोलकर मुख्यमंत्री डॉ यादव का पुष्प वर्षा कर स्वागत और अभिनन्दन किया। आभार रैली के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी का अभिवादन किया। हेलीपेड से लेकर सभा स्थल तक करीब एक किलोमीटर लंबी आभार रैली मुख्य मार्ग,चौक बाजार, सुभाष चौक और कमानिया गेट से निकली। आभार रैली के दौरान 14 स्थानों में स्टाल लगाकर लोगों ने जगह- जगह मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से आत्मीय स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इनमें मेडिकल व्यापारी संघ, किराना व्यापारी संघ, सराफा व्यापारी संघ, कपड़ा व्यापारी संघ, वॉलीबॉल स्पोर्ट क्लब, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार, हार्डवेयर संघ, कसोधन गुप्ता समाज, अधिवक्ता संघ, सेल यूनियन परिवार एवं समस्त पार्षद गण शामिल थे।

**विधायक संजय पाठक बोले:** विजयराघवगढ़ विधानसभा के बरही में आयोजित विशाल 'कृषि महोत्सव' को क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर बताते हुए विधायक संजय पाठक ने इसे अभूतपूर्व सफलता करार दिया है। विधायक पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस दौरे से क्षेत्र को ?1000 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात मिली है, जिससे आने वाले समय में समूचे अंचल की तस्वीर बदल जाएगी।

**प्रमुख बिंदु:** जनसैलाब और विकास की सौगात- दो लाख से अधिक की उपस्थिति: कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। अनुमान के मुताबिक, लगभग 2 लाख लोगों ने इस महोत्सव में शिरकत की, जो क्षेत्र के प्रति जनता के भरोसे और उत्साह को दर्शाता है।

**सिंचाई योजना का उपहार:** मुख्यमंत्री ने बरही-विजयपुर उद्वहन सिंचाई योजना सहित कई बड़े प्रोजेक्ट्स की घोषणा और शिलान्यास किया। विधायक पाठक ने बताया कि इन योजनाओं से किसानों की हजारों एकड़ भूमि सिंचित होगी।

**ऐतिहासिक स्वागत:** बरही के इतिहास में यह पहला मौका था जब इतनी बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण एक साथ जुटे। मुख्यमंत्री ने भी क्षेत्र की जनता के स्नेह को देखते हुए विकास की गति को और तेज करने का भरोसा दिया।

### विधायक संजय पाठक का बयान

'बरही की पावन धरा पर आज जो जनसमूह उमड़ा, उसने यह साबित कर दिया कि जनता को प्रदेश सरकार की नीतियों और विकास कार्यों पर पूरा विश्वास है। मुख्यमंत्री जी ने 1000 करोड़ की जो सौगातें दी हैं, वे केवल आंकड़े नहीं बल्कि लाखों परिवारों की खुशहाली का आधार हैं। यह महोत्सव सफल और ऐतिहासिक रहा।

## आदर्श कॉलोनी में पार्किंग की कमी और सड़क जाम बनी गंभीर समस्या

▸ बिना पार्किंग और मूलभूत व्यवस्था के खुले क्लिनिक और अस्पताल मरीज और आम जनता परेशान





**नवभारत,कटनी।** शहर की आदर्श कॉलोनी में सड़क जाम ट्रैफिक पुलिस पॉइंट का ना होना अब आम जनता की रोज़मर्रा की परेशानी और प्रशासनिक लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण बन चुका है। घंटों तक जाम में फंसे लोग सबसे अधिक परेशान बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग होते हैं। इलाज की उम्मीद लेकर आए मरीजों के लिए वही सड़क उनके लिए नई समस्या बन जाती है।

कॉलोनी की हर गली और मोड़ पर छोटे कमरों में बड़े क्लिनिक, जांच केंद्र और अस्पताल खुल गए हैं, लेकिन इनके लिए पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। परिणामस्वरूप मरीजों की गाड़ियाँ, एम्बुलेंस और निजी वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं और पूरा क्षेत्र जाम में जकड़ जाता है। नागरिकों का कहना है कि जब इतने बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य संस्थान खुल रहे हैं, तो नगर निगम और जिला प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि पार्किंग और बुनियादी सुविधाओं का प्रबंध किया जाए। बावजूद इसके प्रशासन अक्सर औपचारिकताओं में व्यस्त दिखता है और वास्तविक समस्या पर ध्यान नहीं देता। स्थानीय निवासी और राहगीर बताते हैं कि जब कोई मरीज दर्द में हो, एम्बुलेंस रास्ता खोज रही हो और परिवार वाले इलाज की उम्मीद में भाग रहे हों, तब सड़क पर जाम केवल असुविधा नहीं, बल्कि जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर बन जाता है। नगर निगम और जिला प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वे जल्द से जल्द सुरक्षित मार्ग और पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था करें, ताकि आदर्श कॉलोनी की सड़कें मरीजों और आम जनता के लिए परेशानी का कारण न बनें।

## छात्राओं को दिया प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े उत्पादों का प्रशिक्षण



**नवभारत कटनी।** भारतीय मानक ब्यूरो के अंतर्गत आयोजित गतिविधि के तहत शासकीय महाविद्यालय की छात्राओं ने औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान छात्राओं को औद्योगिक इकाई आकर्ष ल्यूव इंडस्ट्रीज कटनी का भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े उत्पादों के निर्माण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय से डॉक्टर श्रद्धा वर्मा के नेतृत्व में साइंस की छात्राएं शामिल हुईं। उन्होंने बताया कि वर्तम न समय में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए ऐसे उत्पादों के उपयोग और निर्माण की जानकारी देना जरूरी है। इंडस्ट्री भ्रमण के दौरान छात्राओं को डीजल एग्जॉस्ट फ्लूड (ष्ठश्वस्न) बनाने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। इंडस्टरीज ओनर रजनीश द्विवेदी ने छात्राओं को बताया कि यह फ्लूड यूरिया और डिस्टिल्ड वाटर से तैयार किया जाता है और नई डीजल गाड़ियों में इसका उपयोग प्रदूषण कम करने के लिए किया जाता है। साथी इंडस्ट्रीज से संबंधित समस्त विशेष जानकारी से सुसज्जित डायरी भी छात्राओं प्रदान की गई। प्रशिक्षण उपरांत चर्चा के दौरान शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं मैं से एक छात्रा मानसी सोनी ने बताया कि इंडस्ट्री में उन्हें विस्तार से बताया गया कि ष्ठश्वस्न कैसे तैयार किया जाता है और यह वाहनों से निकलने वाले प्रदूषण को कम करने में कैसे सहायक होता है। उन्होंने इसे उपयोगी और ज्ञानवर्धक अनुभव बताया।

## रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महीनों से बंद पड़े सीसीटीवी कैमर



**नवभारत, कटनी।** जिले के रीठी तहसील मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है। अस्पताल परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए हजारों रुपये कीमत के सीसीटीवी कैमरे पिछले कई महीनों से बंद पड़े हुए हैं। हैरानी की बात यह है कि इतने लंबे समय से कैमरे खराब होने के बावजूद उन्हें अब तक ठीक नहीं कराया गया है।

अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज और उनके परिजन इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और अस्पताल परिसर में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। लेकिन वर्तमान में यह कैमरे बंद पड़े हैं, जिससे अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में होने वाली हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए कैमरे लगाए गए थे, ताकि किसी भी प्रकार की घटना या अव्यवस्था होने पर उसका रिकॉर्ड उपलब्ध हो सके। लेकिन जब कैमरे ही बंद पड़े हों, तो उनका होना या न होना एक समान हो जाता है। इस मामले में जब अस्पताल के बीएमओ से कैमरों के बंद होने को लेकर जानकारी लेने की कोशिश की गई, तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और सवालों को टालते हुए बात को गोलमोल कर दिया। इससे लोगों के मन में कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सुरक्षा के लिहाज से अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, तो उन्हें महीनों से बंद क्यों रखा गया है। क्या कैमरों को ठीक कराने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया या फिर किसी कारणवश उन्हें जानबूझकर बंद रखा गया है। गौरतलब है कि अस्पताल के रखरखाव और व्यवस्थाओं के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर लाखों रुपये का फंड भी भेजा जाता है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इस फंड का उपयोग कहां किया जा रहा है और अब तक कैमरों की मरम्मत क्यों नहीं कराई गई। अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगाए गए कैमरों को जल्द से जल्द चालू कराया जाना चाहिए, ताकि अस्पताल परिसर में होने वाली गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके और किसी भी प्रकार की घटना होने पर उसका रिकॉर्ड उपलब्ध रहे। अब देखना यह होगा कि इस मामले को लेकर जिम्मेदार अधिकारी कब तक संज्ञान लेते हैं और बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को चालू कराने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं। फिलहाल रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।



## डॉ . भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर हुई बैठक

▸ कार्यक्रम की तैयार की गई रूपरेखा

**नवभारत, कटनी।** संविधान एकता ब्लॉक संघ रीठी के तत्वाधान में आज 12 मार्च को दोपहर 2:00 बजे से रीठी ग्राम पंचायत सामुदायिक भवन में आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाए जाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमे पिछली वर्ष की तरह इस वर्ष भी रीठी बस स्टैंड मैं सभी कार्यकर्ताओ ने बड़ी ही धूम धाम से अंबेडकर जयंती मनाई जाने की बात रखते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई, और प्रत्येक ग्राम पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र मैं बैठक लेने की जिम्मेदारी सोपी गई। वहीं संघ के पदाधिकारियों ने लोगो से अपील की है कि आगामी दिनांक 14 अप्रैल 2026 को डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जी जयंती मनाई जाने वाले आयोजन को सफल बनाए। बैठक मैं,सरपंच हनीफ खान,नदीम अहमद, चंद्रभान बौद्ध नन्हेंलाल अहिरवार, विलोचन चौधरी, बहोरी लाल चौधरी, श्रीमती रजनी टैगोर, भानु प्रताप टैगोर,हरिशंकर बेन, कोशल तिवारी, प्रकाश चौधरी ,सुजीत कुमार, उम्मेद सिंह ठाकुर, रामकिशन, श्रीमती सुमन चौधरी, प्रमोद बेन, अजय ,भरत,आदि कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

## कटनी में गैस संकट का असर, कई होटलों में फिर जली भट्टी

**नवभारत, कटनी।** शहर में गैस की किल्लत का असर अब होटल और रेस्टारेंट व्यवसाय पर भी दिखाई देने लगा है। घरेलू गैस सिलेंडरों के लिए जहां लोगों में मारामारी की स्थिति है, वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडर भी तीन-चार दिन में बमुश्किल मिल पा रहे हैं। ऐसे में कई होटलों ने खाना बनाने के लिए फिर से भट्टी का सहारा लेना शुरू कर दिया है, जबकि कुछ होटल संचालक पहले से इसकी तैयारी कर रहे हैं। होटल संचालकों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो छोटे होटल और रेस्टारेंट बंद होने की कगार पर आ सकते हैं। कमर्शियल सिलेंडर देने वाले हॉकर फोन तक नहीं उठा रहे हैं और जो सिलेंडर मिल रहा है, वह भी ज्यादा दामों पर दिया जा रहा है। गैस संकट के बीच शहर में इंडक्शन चूल्हों की मांग भी तेजी से बढ़ गई है। दुकानदारों के अनुसार पहले कम बिकने वाले इंडक्शन चूल्हे अब तेजी से बिक रहे हैं और कई ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भी स्टॉक खत्म हो गया है। इधर प्रशासन का कहना है कि जिले में घरेलू रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने उपभोक्ताओं से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है और गैस एजेंसियों के स्टॉक व वितरण की नियमित निगरानी के निर्देश दिए हैं। वहीं प्रदेश में गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए सख्ती बरतते हुए 350 सिलेंडर जब्त कर कार्रवाई भी की गई है।








लापरवाही | निर्धारित समयसीमा बीतने के बावजूद परियोजना पूरी नहीं हो सकी

## अधर में 2 .52 करोड़ की चौपाटी नवीनीकरण और पार्किंग परियोजना



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम द्वारा जिला अस्पताल के सामने 2.52 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित चौपाटी निर्माण और पार्किंग नवीनीकरण का कार्य अधर में लटक गया है। निर्धारित समयसीमा बीतने के बावजूद परियोजना पूरी नहीं हो सकी है, जिससे स्थानीय लोगों और व्यापारियों में नाराजगी देखी जा रही है।

जानकारी के अनुसार नगर निगम ने 8 जनवरी 2024 को ठेकेदार राजेश कुमार जैन को टेंडर जारी कर अनुबंध किया था। योजना के तहत यहां 65 दुकानों के निर्माण के साथ चौपाटी और पार्किंग क्षेत्र का विकास किया जाना था। हालांकि अब तक केवल 41 दुकानों का निर्माण ही पूरा हो पाया है, जबकि शेष दुकानों का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो सका है।

### 12 माह में पूरा होना था काम

नियमानुसार ठेकेदार को 12 महीने के भीतर पूरा निर्माण कार्य संपन्न करना था, लेकिन समय पर काम पूरा न होने के कारण नगर निगम ने समयसीमा बढ़ाकर दिसंबर 2025 तक कर दी थी। इसके बावजूद निर्माण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है। आधे-अधूरे निर्माण को लेकर नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता भी सवालों के घेरे में है।

### नहीं मिल रही सुविधा

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला अस्पताल के सामने चौपाटी और पार्किंग बनने से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था बेहतर होती और व्यापार को भी बढ़ावा मिलता। फिलहाल अन्य नगर निगम परियोजनाओं की तरह यह योजना भी धीमी गति के कारण अधूरी पड़ी हुई है, जिससे नागरिकों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

### आवंटन की समस्या आ रही आड़े

सूत्रों के मुताबिक इस परियोजना में मुख्य समस्या तकनीकी कारणों और भूमि आवंटन से जुड़ी है। जिस जमीन पर निर्माण कार्य किया जा रहा है, उसका नगर निगम के नाम से अब तक विधिवत आवंटन नहीं हो पाया है। इसके अलावा नगर निगम को प्रीमियम के रूप में करीब 3 करोड़ रुपये शासन के खजाने में जमा करने हैं, लेकिन बजट की कमी के कारण यह प्रक्रिया भी लंबित है। बताया जा रहा है कि इस योजना के लिए शासन से अब तक कोई अनुदान प्राप्त नहीं हुआ है। यही कारण है कि परियोजना की गति काफी धीमी बनी हुई है और अभी तक कुल मिलाकर लगभग 60 प्रतिशत ही काम पूरा हो पाया है।